आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.04.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. खान मंत्रालय ने राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए।

2. भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की।

3. विद्युत विभाग ने 'रूफटॉप सोलर सिस्टम' स्थापित करने के इच्छुक उपभोक्ताओं की सहायता के लिए पूछे जाने वाले प्रश्नों का एक व्यापक सेट जारी किया।

4. क्यारी की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरमा फार्म में एग्रो इको वॉक इक्कीस अप्रैल से खोला जाएगा।

<><><><><><><>

खान मंत्रालय ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के अंतर्गत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। यह महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में शोध और प्रौद्योगिकी के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो इस मिशन के लिए अत्यंत आवश्यक है। महत्वपूर्ण खनिज पदार्थ इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे उन्नत प्रौद्योगिकी और रणनीतिक क्षेत्रों के साथ–साथ स्वच्छ ऊर्जा और आवागमन के साधनों में बदलाव से जुड़े उभरते क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इस सिलसिले में एक छोर से दूसरे छोर तक प्रौद्योगिकियों को विकसित करने, प्रदर्शित करने और इस्तेमाल करने की प्रणाली के दृष्टिकोण से अनुसंधान और विकास आवश्यक है ताकि उच्च प्रौद्योगिकी की तैयारी के स्तर तक पहुंचा जा सके। इस नई पहल के अंतर्गत, निर्धारित पात्रता के अनुसार जाने–माने शैक्षणिक और अनुसंधान और विकास संस्थानों का मूल्यांकन किया जाएगा और महत्वपूर्ण खनिजों में अनुसंधान तथा विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी जाएगी। यह उत्कृष्टता केंद्र महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में देश की विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षमता को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के लिए अभिनव और परिवर्तनकारी अनुसंधान करेंगे।

<><><><><><><>

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति गवई सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और उनके नाम

की सिफारिश केन्द्रीय कानून मंत्रालय को की गई है। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का कार्यकाल तेरह मई को समाप्त हो जाएगा।

<><><><><><><>

वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कल सभी निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रमुख चिंताओं, नवीनतम विकास और उद्योग के लिए आगे राह पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान, श्री नागराजू ने निर्बाध दावों और ग्राहक अनुभव के बारे में चर्चा की। उन्होंने  एक मजबूत ग्राहक प्रतिक्रिया तंत्र और धोखाधड़ी और दुरुपयोग की रोकथाम को प्राप्त करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश में जीवन बीमा उत्पादों की सामर्थ्य और पहुंच बढ़ाने पर भी जोर दिया।

<><><><><><><>

सेंट्रल रेलवे ने एक नई पहल के तहत मुंबई–मनमाड पंचवटी एक्सप्रेस के अंदर ऑटोमेटेड टेलर मशीन – ए टी एम शुरू की है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक वीडियो शेयर कर यह जानकारी साझा की। सेंट्रल रेलवे के मुख्य जन–संपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने कहा कि इस पहल की तकनीकी व्यवहार्यता का आकलन करने के बाद, इस सुविधा को अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विद्युत विभाग ने अपने परिसर में 'रूफटॉप सोलर सिस्टम' स्थापित करने के इच्छुक उपभोक्ताओं की सहायता के लिए पूछे जाने वाले प्रश्नों का एक व्यापक सेट प्रकाशित किया है। इन एफ ए क्यू में पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी विवरण, नेट मीटरिंग और रख–रखाव जिम्मेदारी आदि सहित कई विषयों को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य आर टी एस संयंत्रों की स्थापना के लिए बुनियादी जानकारी प्रदान करके उपभोक्ताओं को जागरूक करना है। आम जनता और उपभोक्ताओं के लिए एफ ए क्यू विद्युत विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से नेताजी स्टेडियम स्थित वेलोड्रोम की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। वेलोड्रोम की खराब स्थिति के कारण खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के. चन्द्रशेखरन ने कहा कि चैम्बर की ओर से वेलोड्रोम का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया गया, ताकि खिलाड़ी अपने खेल की तरफ ध्यान दे सके।

सचिव मदन लाल ने मरम्मत कार्य के तहत साइक्लिंग प्रेमी और अन्य खिलाड़ियों के लिए वेलोड्रोम को फिर से सुरक्षित और उपयोगी बनाये जाने पर अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा कि आने वाले समय में ए सी सी आई ऐसे कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरमा फार्म में एग्रो इको वॉक को आम जनता के लिए इक्कीस अप्रैल से खोला जा रहा है। सिप्पीघाट फार्म में, आयोजित इस एग्रो इको वॉक में पर्यटक मसाला–आधारित बागान क्षेत्र का दौरे के अलावा विश्व नारियल जर्म–प्लाज्म केंद्र, मसाला प्रसंस्करण इकाई में मूल्य संवर्धन और कटाई के बाद की तकनीकों के अलावा मैंग्रोव व्यूपॉइंट द्वीप के तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आयुर्वाटिका, औषधीय और सुगंधित पौधों के साथ पर्यटक नक्षत्र उद्यान का भी अनुभव कर सकते हैं। एग्रो इको वॉक सोमवार से शनिवार तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच खुला रहेगा। प्रवेश टिकट संबंधित फार्म परिसर में बिक्री बिंदु पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध कृषि–जैव विविधता और वैज्ञानिक खेती प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ ने सैन्य खुफिया टोही कार्यों की जांच–पड़ताल और साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान के लिए चार सशस्त्र बल कर्मियों को मैकग्रेगर मेमोरियल मेडल पुरस्कार से सम्मानित करने की खबर को–द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। डीब्रेट में पन्द्रहवां उन्नयन दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अंतिम पन्नें पर जगह दी है। मृदा स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण करने के समाचार को इंफो इंडिया ने पहले पन्न के मध्य में प्रकाशित किया है। श्री शारदा संघ द्वारा ए एन आई में पच्चीसवां सिल्वर जुबली मनाए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया भीतर के पन्ने में जगह दी है। अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने जी बी पन्त अस्पताल में सुपर स्पेशिलिस्ट शिविर आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है।

<><><><><><><>